दिन– शनिवार दिनांक– 31 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
02. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अन्तर्गत मुंगेर में पांच सौ बाईस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनेगा सीवरेज नेटवर्क और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट।
03. राज्य सरकार ने मंकीपॉक्स और डेंगू को लेकर परामर्श जारी किया। मंकीपॉक्स के संदिग्धों के लिए पटना और गया में आईसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश।
04. और, पेरिस पैरालिम्पिक खेलों में भारत की शानदार शुरूआत। एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ भारत मेडल टैली में सत्रहवें स्थान पर।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधान मंत्री सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में बुनियादी ढांचे, समावेशी अदालत कक्ष, न्यायिक सुरक्षा, मुकदमों के प्रबंधन और प्रशिक्षण सहित जिला न्यायपालिका के मुद्दों पर पांच सत्र होंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड, केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा अटॉर्नी जनरल पी. वेंकटरमणी भी शामिल होंगे।

---

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, एनएमसीजी की कार्यकारी समिति की बैठक में दो सौ पैंसठ करोड़ रुपये की नौ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं में पांच सौ बाईस दशमलव आठ पांच करोड़ रूपये की लागत वाला मुंगेर सीवरेज नेटवर्क और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी शामिल है। एक सौ पचहत्तर किलोमीटर लम्बे सीवरेज नेटवर्क और तीस एमएलडी क्षमता वाली सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना डीबीओटी मोड पर आधारित होगी। इसे पन्द्रह वर्ष बाद राज्य सरकार को सौंपा जायेगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य गंगा नदी में प्रदूषण के स्तर को कम करना, स्वच्छता बनाए रखना और इसका संरक्षण करना है।

---

प्रदेश में डेंगू के नये मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर से उनतीस नये मामले सामने आये हैं। इसमें सत्रह पटना से है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के छह सौ पचहत्तर मामले सामने आ चुके हैं।

---

राज्य सरकार ने मंकीपॉक्स और डेंगू को लेकर सभी जिलों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को दिशा–निर्देश जारी किया है। दिशा–निर्देश में सभी जिलों को डेंगू मच्छर का लार्वा संग्रहित कर जांच कराने और बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने को कहा गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स को लेकर संक्रामक रोग अस्पतालों, एनएमसीएच पटना और एएनएम–एमसीएच गया में संदिग्ध मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश दिये हैं। संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए एम्स दिल्ली और आईसीएमआर कोलकाता भेजने को कहा गया है। पटना और गया हवाई अड्डे पर यात्रियों की स्क्रीनिंग कराने और उनका यात्रा इतिहास लेने का निर्देश दिया है। साथ ही पटना के आईएनए गायघाट पर जहाज से आने वाले विदेशी यात्रियों की भी निगरानी के निर्देश दिये गये हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधान परिषद से निष्कासित राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता बहाल करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये राज्य सरकार और अन्य पक्षकारों से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुये अंतरिम आदेश पारित करने से इंकार कर दिया। इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

---

राज्य सरकार ने मृत सरकारी कर्मियों के नाबालिग आश्रित को बालिग होने के एक वर्ष के अन्दर अनुकम्पा पर नौकरी के लिए दावा करना अनिवार्य कर दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किया है।

---

राज्य सरकार ने पूर्व डीजीपी आर.एस. भट्टी और पुलिस महानिदेशक भृगु श्रीनिवासन की सेवा केंद्र सरकार को सौंप दी गयी। वहीं, अपर पुलिस महानिदेशक आर मल्लर विलि बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर की महानिदेशक बनाई गई हैं। गृह विभाग ने इस संबंध में अलग–अलग अधिसूचना जारी की है।

---

इधर, आरएस भट्टी को फुलवारीशरीफ के मिथिलेश स्टेडियम स्थित पुलिस कैंप में परेड समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। विदाई समारोह में श्री भट्टी ने कहा कि बिहार में उन्होंने जो कुछ सीखा है वे इसका प्रयोग अपनी केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान करेंगे।

–––बाईट–––

इधर, राज्य के नये डीजीपी आलोक राज ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि उनकी कोशिश बिहारवासियों का डीजीपी बनने की होगी। उन्होंने पुलिस कर्मियों से आम लोगों का विश्वास जीतने की अपील की।

–––बाईट–––

---

केन्द्र सरकार ने बिहार कैडर के उन्नीस सौ नवासी बैच के आईएएस अधिकारी अमृत लाल मीणा को बिहार कैडर में वापस भेजने की मंजूरी दे दी है। माना जा रहा है कि उन्हें राज्य का अगला मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। वर्तमान मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की टीम ने कल कैमूर जिले के नक्सल प्रभावित अधौरा थाना क्षेत्र के दो गांवों में छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच टीम ने सिकरी गांव के महेंद्र साह और दारिहरा गांव में सागर सिंह खरवार के घर पर छापेमारी की। दोनों के घर की चार घंटे तक तलाशी ली गई। छापेमारी किस मामले में हुई, इस संबंध में किसी प्रकार की आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है।

---

पेरिस पैरालिम्पिक खेलों में भारत की शानदार शुरूआत हुई है। एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ भारत मेडल टैली में सत्रहवें स्थान पर है। भारत की पदक की उम्मीदें आज तीसरे दिन भी निशानेबाजों पर टिकी हुई हैं। आज बैडमिंटन और तीरंदाजी के भी कई मुकाबले होंगे। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

---

मॉनसून के कमजोर होने के साथ ही राज्य में वर्षापात में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य में कहीं भी भारी बारिश की सम्भावना नहीं है। कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं, इस अवधि में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की भी सम्भावना है।

———बाईट———

---

गंगा, सोन, पुनपुन, बूढ़ी गंडक और घाघरा समेत राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार नदियों का जलस्तर कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर है, लेकिन जलस्तर में स्थिरता और घटने की प्रवृति देखी जा रही है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि भागलपुर, कटिहार और खगड़िया समेत राज्य के अन्य बाढ़ प्रभावित जिलों की स्थिति में धीरे–धीरे सुधार हो रहा है। ऊंचे स्थानों से बाढ़ का पानी निकलने लगा है। इधर, प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर और एंडी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही लोगों के बीच स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए क्लोरीन की टिकिया वितरित की जा रही है।

---

राज्य के स्कूलों में कल से तीस सितंबर तक पोषण माह का आयोजन किया जायेगा। इसके तहत विद्यालयों में प्रत्येक दिन अलग–अलग गतिविधियों का आयोजन होगा। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक मिथिलेश मिश्र ने इस संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि देश को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है और इसलिए पोषण माह में सभी की भागीदारी आवश्यक है।

---

बिहार लोक सेवा आयोग ने बत्तीसवीं बिहार न्यायिक सेवा के मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में कुछ चार सौ तिरेसठ अभ्यर्थी सफल घोषित हुये हैं।

---

राज्य के सोलह बाल वैज्ञानिक राष्ट्रीय प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता सत्रह से उन्नीस सितंबर तक दिल्ली में आयोजित होगी। इंस्पायर अवार्ड के तहत पटना स्थित एससीईआरटी में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय परियोजना और प्रदर्शनी प्रतियोगिता में दो सौ नौ बाल वैज्ञानिक शामिल हुए, जिसमें सोलह बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.....

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– बिहार सरकार नदी जल प्रबंधन के लिए केन्द्र को भेजेगी कार्ययोजना। राज्य की चार बड़ी और तीन छोटी नदियों पर बनेगा बराज।

दैनिक जागरण ने लिखा है– मध्याह्न भोजन योजना से मुक्त होंगे राज्य के शिक्षक। मिड डे मील स्कीम में तमिलनाडु मॉडल लागू होने के आसार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– राज्य में बदल गया नौकरशाही का चेहरा, केन्द्र से लौटे मीणा–मुख्य सचिव बनेंगे, आलोक राज को डीजीपी का प्रभार।

प्रभात खबर ने पैरालिंपिक खेलों में शूटर अवनि लेखरा के स्वर्ण पदक जीतने को बड़ी खबर बनाते हुये लिखा है– भारत की स्वर्णिम शुरूआत।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– भाजपा में शामिल हुये झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन।

आज अखबार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के हवाले से लिखा है– स्त्री धन पर केवल महिला का अधिकार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में जिला स्तरीय न्यायिक अधिकारियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।
02. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अन्तर्गत मुंगेर में पांच सौ बाईस करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनेगा सीवरेज नेटवर्क और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट।
03. राज्य सरकार ने मंकीपॉक्स और डेंगू को लेकर परामर्श जारी किया। मंकीपॉक्स के संदिग्धों के लिए पटना और गया में आईसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश।
04. और, पेरिस पैरालिम्पिक खेलों में भारत की शानदार शुरूआत। एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ भारत मेडल टैली में सत्रहवें स्थान पर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।